Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to increase the frequency of local trains during morning and evening hours in Muzaffarpur Parliamentary Constituency, Bihar-laid.

श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर): आजादी के बाद सभी सरकारों में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ते रहे हैं जिस कारण मध्यमवर्गीय गरीब लोगों को एक जगह से दूसरी जगह की यात्रा करने में काफी खर्च उठाना पड़ता है जिस कारण लोग रोड़वेज की गाड़ियों से यात्रा करने से परहेज करते हैं । कोविड काल के बाद रेलवे ने लोकल ट्रेनों की संख्या काफी कम कर दी है जिस कारण मेरे लोकसभा क्षेत्र में मुजफ्फरपुर से सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर से समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर से मोतीहारी, एवं मुजफ्फरपुर से हाजीपुर आने-जाने वाले दैनिक यात्रियों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही काफी खर्च भी उठाना पड़ रहा है ।

मेरी माननीय रेल मंत्री जी से मांग है कि इन रूटों पर सुबह और शाम के समय में लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जाए जिससे दैनिक यात्रियों को जिससे स्कूली छात्र, सरकारी नौकरी करने वाले एवं रोजमर्रा के व्यापार करने वाले यात्रियों को सहुलियत हो सके ।